दिन– गुरुवार 	दिनांक– 09 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। 	अवधि– 15 मिनट

---

01. एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के साथ बातचीत निर्णायक दौर में पहुंची।

02 महागठबंधन के घटक दलों– राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों और वीआईपी के बीच सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध जारी।

03. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल जारी होगी अधिसूचना। एक सौ इक्कीस सीटों के लिए शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया।

04. और, निर्वाचन आयोग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर सभी राजनीतिक दलों को जारी किया दिशा–निर्देश।

---

एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के साथ बातचीत निर्णायक दौर में पहुंच गयी है। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान से नई दिल्ली में मुलाकात की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री राय ने कहा कि बातचीत सकारात्मक रही और जल्द ही सीटों के बंटवारे की घोषणा हो जायेगी।

–––बाइट–––

श्री पासवान ने कहा कि बातचीत काफी अच्छी रही। सभी मुद्दों पर एक साथ मिलकर घोषणा करेंगे।

–––बाइट–––

इससे पहले लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की एक आपातकालीन बैठक पटना में आयोजित की गयी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुनाव से संबंधित अंतिम फैसला लेने के लिए अधिकृत किया गया।

–––बाइट–––

इधर, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने भी एनडीए में पन्द्रह सीटों की मांग की है। पार्टी अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने कहा कि जल्द ही सीटों के बंटवारे पर अंतिम रूप से सर्वसम्मति से घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं पैदा होता है।

–––बाइट––––

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एनडीए में किसी प्रकार का विवाद नहीं है। दो से तीन दिनों में पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी।

जदयू में उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास आज भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, वरिष्ठ नेता ललन सिंह, विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव समेत कई नेता मौजूद थे।

---

इधर, नई दिल्ली में भाजपा कोर कमिटी की बैठक ग्यारह अक्टूबर को होगी। इस बैठक में उम्मीदवारों के चयन पर विचार–विमर्श होगा। वहीं, पार्टी की बारह अक्टूबर को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी।

---

महागठबंधन के घटक दलों राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों और वीआईपी के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर अभी भी गतिरोध की स्थिति बनी हुयी है। साथ ही मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर भी संशय की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस नेता और वरिष्ठ पर्यवेक्षक भूपेश बघेल ने कहा कि महागठबंधन के घटक दल मिलकर यह तय करेंगे कि मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होगा।

———बाइट———

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के उप मुख्यमंत्री पद की मांग को लेकर भी कांग्रेस और सीपीएम ने आपत्ति जतायी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि सभी को अपनी मांग रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि सभी दलों के बीच सभी मुद्दों पर तालमेल अंतिम दौर में है।

———बाइट———

सीपीएम विधायक अजय कुमार ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री पद का चेहरा तय हो जाए उसके बाद उप मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर भी स्थिति साफ हो जायेगी। इस बीच, महागठबंधन में जारी गतिरोध के बीच विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख, मुकेश

सहनी ने कहा है कि उन्हें किसी प्रकार की शिकायत नहीं है। इधर, महागठबंधन के घटक दलों भाकपा–माले, भाकपा और माकपा ने भी अधिक सीटों की मांग की है।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल संसदीय समिति की बैठक कल पटना में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर बुलाई गयी है। बैठक में सीट शेयरिंग सहित उम्मीदवारों के चयन पर अंतिम फैसला होने की सम्भावना है।

———————————————————————

कांग्रेस ने आज पटना में राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि आरोप पत्र में नीतीश सरकार की विफलताओं को दर्शाया गया है।

———बाइट———

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक अशोक गहलोत और भूपेश बघेल भी मौजूद थे।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि महागठबंधन की सरकार बनने के बाद हरेक वैसे परिवार को सरकारी नौकरी दी जाएगी, जिनके परिवार में कोई व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं है।

———बाइट———

———————————————————————

प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी ने इक्यावन प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक कर्पूरी ठाकुर की पोती जागृति ठाकुर को समस्तीपुर जिले की मोरवा विधानसभा सीट और पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा पार्टी नेता आर.सी.पी. सिंह की बेटी लता सिंह को नालंदा जिले की अस्थावां विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। वहीं, करगहर से भोजपुरी गायक रितेश पांडेय को टिकट मिला है। इधर, जन सुराज की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान टिकट नहीं मिलने से नाराज पार्टी नेताओं ने जमकर हंगामा किया।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि चिराग पासवान जिन विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार देंगे, उन सीटों पर उनकी पार्टी भी निर्दलीय उम्मीदवार खड़े करेगी। श्री पारस ने कहा कि महागठबंधन से जो सीट मिलेगी उस पर उनकी उम्मीदवारी होगी।

---

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के उपयोग को लेकर कड़े दिशा–निर्देश जारी किये हैं। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के दौरान विपक्षी उम्मीदवारों को निशाना बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के इस्तेमाल पर सख्त निर्देश जारी किये हैं। ये दिशानिर्देश आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत लागू कर दिये गए हैं। आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य प्रकार के विज्ञापनों पर एआई के माध्यम से गलत सूचना फैलाने के लिए सख्ती से मना किया है। इसके अलावा, सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार के लिए साझा की जा रही किसी भी एआई सामग्री को प्रमुखता से चिह्नित करना होगा। निर्वाचन आयोग ने चुनावी माहौल को खराब न करने के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर कड़ी निगरानी का आश्वासन दिया है और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया है। समाचार कक्ष से मैं इकबाल अहमद।

---

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए लगभग आठ लाख पचास हज़ार अधिकारियों को तैनात किया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

निर्वाचन आयोग ने बताया कि लगभग 4 लाख 53 हज़ार मतदान कर्मी, 2 लाख 50 हज़ार पुलिस अधिकारी, 28 हज़ार से अधिक मतगणना कर्मी और 18 हज़ार माइक्रो ऑब्ज़र्वर को चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। आयोग ने बताया कि बिहार में पहली बार 243 निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए एक सामान्य पर्यवेक्षक तैनात किया गया है। इसके अलावा, 38 पुलिस पर्यवेक्षक और 67 व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। ये पर्यवेक्षक अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात रहेंगे और किसी भी चिंता का समाधान करने के लिए नियमित रूप से राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मिलेंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि 90 हज़ार 712 बूथ स्तरीय अधिकारियों और 243 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों वाली चुनाव मशीनरी, मतदाताओं के लिए फ़ोन कॉल और ईसीआईनेट ऐप पर बुक–ए–कॉल सुविधा के माध्यम से उपलब्ध है। समाचार कक्ष से सत्यम कुमार।

---

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक मतदान केंद्र विशेष रूप से महिलाओं या दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा संचालित करने का निर्देश दिया है। ऐसे मतदान केंद्रों पर सुरक्षा सहित सभी चुनाव कर्मचारी महिलाएं होंगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले में कम से कम एक मतदान केंद्र पर नई ऊर्जा और जवाबदेही लाने के लिए सबसे युवा पात्र कर्मचारियों को तैनात किया

जाएगा। इन उपायों का उद्देश्य लोकतंत्र की मूल संरचना में भागीदारी, प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण का संकेत देना है।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत एक सौ इक्कीस सीटों के लिए कल अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। प्रत्याशी सत्रह अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अठारह अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और उम्मीदवार बीस अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण का मतदान छह नवम्बर को होना है।

---

राज्य मे आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक चार सौ छह लाख रुपये मूल्य की शराब जब्त की गयी है। वहीं, एक सौ चौंसठ लाख रुपये मूल्य के ड्रग्स और नशीले पदार्थ बरामद किये गये हैं। इसके अलावा पंद्रह लाख रुपये नकद, दो सौ चालीस लाख रुपये मूल्य के फ्री बीज और अन्य सामान तथा एक लाख साठ हजार रुपये मूल्य के कीमती धातु जब्त किये गए।

---

उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। वे सिताब दियारा में लोक नायक जयप्रकाश नारायण की जयंती समारोह में शामिल होंगे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के साथ बातचीत निर्णायक दौर में पहुंची।

02 महागठबंधन के घटक दलों– राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों और वीआईपी के बीच सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध जारी।

03. छह नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल जारी होगी अधिसूचना। एक सौ इक्कीस सीटों के लिए शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया।

04. और, निर्वाचन आयोग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर सभी राजनीतिक दलों को जारी किया दिशा–निर्देश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।